प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा का सत्र कल से होगा शुरू, तैयारी में सत्तापक्ष और विपक्ष, आज बैठकों का दौर।

2. सीमा सुरक्षा बल का 60वां स्थापना दिवस, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– 6 दशक से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर देश की सुरक्षा को किया मजबूत।

3. पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता चाईबासा में कर रहे हैं नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा, जनसंवाद कार्यक्रम में भी होंगे शामिल।

4. केंद्र सरकार पारदर्शी और कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा आयोजित करायेगी।

5. राज्य के 7 जिलों में बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो रोधी खुराक, अगले दो दिन डोर टू डोर होगा सर्वे।

*****************

झारखंड विधानसभा का सत्र कल से शुरू होगा। 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाले सत्र को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इधर सत्र को लेकर आज सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों अलग– अलग बैठक होगी। मुख्यमंत्री आवास में इंडी गठबंधन के विधायकों की दोपहर बाद बैठक होगी। जबकि भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक प्रदेश कार्यालय में होगी। इन बैठकों में सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि संक्षिप्त सत्र होने के बावजूद संवैधानिक औपचारिकता को पूरी करते हुए सत्र के दौरान अनुपूरक बजट के साथ–साथ राज्यपाल के अभिभाषण पर भी चर्चा होगी।

*****************

सीमा सुरक्षा बल आज साठवां स्थापना दिवस मना रहा है। यह वर्ष सीमा सुरक्षा बल का हीरक जयंती वर्ष भी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जोधपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बीएसएफ के जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 6 दशक से बीएसएफ ने सीमा सुरक्षा को चाक चौबंद रखा है।

*****************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे हैं। पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों के अलावा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के वरीय अधिकारी भी मौजूद हैं। इसके बाद चाईबासा परिसदन में डीजीपी एक जनसंवाद कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

*****************

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन पर एनजीटी को गुमराह करने का आरोप लगाया है। सोनारी मैरीन ड्राइव कचरा डंपिंग स्थल पर पिछले दो–तीन दिनों से आग जलने की सूचना पर श्री राय डंपिंग स्थल पहुँचे। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कचरा निष्पादन पर जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन द्वारा एनजीटी के समक्ष शपथ पत्र देने के बावजूद कोई ठोस कारवाई नहीं हुई है। विधायक सरयू राय ने इस मामले को पुनः एनजीटी में ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर अक्षेस और जिला प्रशासन इस मामले के निष्पादन में रूचि नहीं ले रहा है इसलिए इनपर एनजीटी के आदेश के अवमानना का केस दर्ज होना चाहिए।

*****************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नेट– यूजी या यूजीसी नेट की परीक्षा के पेपर लीक मामले में एनटीए की भूमिका की जांच के बाद कार्रवाई की गई है।एक्सएलआरआई जमशेदपुरं के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा है कि पेपर लीक गंभीर मामला है, लेकिन उच्च स्तरीय समिति के रिपोर्ट आने के बाद एनटीए के स्वरूप में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पारदर्शी और कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर इस बार फूल प्रूफ तरीके से परीक्षा आयोजित करायेगी।

श्री प्रधान ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि आईएसएम धनबाद को अब आई आई टी का दर्जा दिया गया है। साथ ही आईआईएम रांची बेहतर प्रदर्शन कर रही है। एन आई टी जमशेदपुर भी काफी पुराना इंजीनियरिंग कॉलेज है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में बेहतरी के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से कई नई योजनाओं को अमल में लाया जाएगा।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के मानसिक रूप से बीमार लोगों को विधिक सहायता दिलाने की पहल शुरू की गई है।

*****************

पोलियो मुक्त भारत बनाये रखने के लिए उच्च जोखिम वाले राज्य के सात जिलों में आज से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की शुरूआत हुई। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। 10 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। देवघर जिले में 1 हजार 415 बूथ के माध्यम से बच्चों को दवा पिलाई जा रही है। उप विकास आयुक्त नवीन कुमार ने कहा कि आज बूथ डे के अवसर पर कम से कम 70 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इधर पाकुड़ जिले के एक हजार एक सौ ग्यारह पोलियो बूथों पर पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने पुराना सदर अस्पताल परिसर में बच्चो को दो बूंद खुराक पिलाकर इस अभियान का उद्घाटन किया। सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले पोलियो अभियान में एक लाख नवासी हजार अरसठ लक्षित बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाने का काम किया जाना है । उप विकास आयुक्त ने कहा अगले दो दिन डोर टू डोर सर्वे होगा।

*****************

ओमान के मस्कट में हो रहे जूनियर एशिया कप महिला हॉकी टूर्नामेंट में आज भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। प्रतियोगिता में कल ग्रुप ए के मुकाबले में चीन ने बांग्लादेश को बुरी तरह 19–0 से पराजित किया वहीं, मलेशिया ने थाईलैंड को तीन–शून्य से हराया था। ग्रुप बी में जापान ने श्रीलंका को 15–0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता में शीर्ष पांच पर रहने वाली टीमें अगले वर्ष चिली में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालिफाइं करेंगी।

*******समाप्त*************